

आज विश्व जल दिवस है.


# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


# मध्यप्रदेश से जुड़िए : डॉ. यादव

**▸ राजस्थान और मध्यप्रदेश है एक-दूजे के साझेदार**

**जयपुर, 21 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को जयपुर में आयोजित 'इन्टरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' में राजस्थान के निवेशकों को संबोधित किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर सेशन का शुभारंभ किया. उन्होंने राज्य के सभी निवासियों को हाल ही में मनाए गए राजस्थान राज्य के स्थापना दिवस (19 मार्च) और अखंड सौभाग्य के लोक-पर्व गणगौर पूजन की बधाई और मंगलकामनाएं दीं. यहां मुख्यमंत्री ने कहा है कि आप देश के दिल मध्यप्रदेश से जुड़िए. मध्यप्रदेश और राजस्थान जुड़वा भाइयों की तरह हैं. दोनों राज्य मिलकर विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत तैयार कर रहे हैं. हम सिर्फ विरासतों और विविधताओं के ही नहीं, आर्थिक दृष्टि से भी एक-दूसरे के स्वाभाविक साझेदार हैं. राजस्थान



(शेष पृष्ठ 2 पर)

### राजस्थान और मध्यप्रदेश परिवार जैसे : मंत्री चौधरी

राजस्थान सरकार में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि हैं. दोनों राज्य सरकारों ने सबसे पहले आपसी समन्वय से जल बंटवारे का समाधान निकाला है. इससे पश्चिमी राजस्थान के सभी जिलों को भरपूर पेयजल एवं खेतों में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के लिए बेहद अनुकूल वातावरण उपलब्ध है. दोनों राज्य मिलकर देश के औद्योगिक विकास की यात्रा पर साथ आगे बढ़ेंगे.

### मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों के साथ की वन-टू-वन चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विविन्न उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग भी की. उन्होंने राजस्थान एंजल्स के अध्यक्ष महावीर प्रताप शर्मा, महिंद्रा लाइफ साइंसेज के हेड अनुज बिंदल, फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, प्रताप ग्रुप के मैनेजिंग डॉयरेक्टर देवेन्द्र सिंह शेखावत, डीजीएस ट्रांस लॉजिस्टिक्स के डॉयरेक्टर सौरभ खंडेलवाल, अक्षय इन्फ्रासिस इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अक्षय हाड़ा, प्लास्टिक मेन्युफैक्चर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण शर्मा, हॉस्पिटेलिटी एवं टूरिज्म एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश खंडेलवाल और मैजेस्टिक बासमती राइस प्रालि के डॉयरेक्टर विज्ञान लोढ़ा से वन-टू-वन चर्चा कर उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया.

# सीएनजी कार में आग से डॉक्टर की पत्नी की मौत

**▸ मौके पर एफएसएल टीम ने किया मुआयना**

**▸ महिला का ले जाया जा रहा था अस्पताल**

**सागर, 21 मार्च.** जिले के सानौधा थाना क्षेत्र अंतर्गत चनाटौरिया टोल प्लाजा के नजदीक एक सीएनजी कार में आग लगने से चिकित्सक की पत्नी की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मौके पर एफएसएल टीम ने मुआयना किया। सानौधा थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ाकोटा निवासी डॉक्टर नीलेश कुर्मी पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार की सुबह उसकी पत्नी सीमा पटेल उम्र 34 वर्ष को सीने में शिकायत हुई, इसलिए उसे मकरोनिया स्थित निजी अस्पताल उपचार के लिए कार से लाया जा रहा था. साथ में दो युवक (किरायेदार) कार में सवार थे. (शेष पृष्ठ 2 पर)




बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म ने अपना सीक्वल रिलीज़ किया!

# केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को फोन पर जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली, 21 मार्च.** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी. इस मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी. जांच में पुलिस को पता चला कि कॉल पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से की गई है.

पुलिस टेक्निकल सर्विलांस की मदद से कॉल करने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है. कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को 18 मार्च को सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा कॉल आया था.

तुगलक रोड थाने में उनकी तरफ से दी गई शिकायत के अनुसार, फोन करने वाले ने मंत्री को जान से मारने की धमकी दी और बंदूकों का जिक्र किया. शिकायत में कहा गया है कि फोन करने वाले ने यह भी पूछा कि क्या मंत्री ने उन्हें भेजे गए कुछ दस्तावेज देखे और फोन कॉल काटने से पहले कई बार धमकी दी. बाद में उसी नंबर से आए संदेशों में मंत्री के यात्रा कार्यक्रम के विवरण पर धमकियां लिखी हुई थीं.

# प्रधानमंत्री मोदी ने ईद और नवरोज की दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, 21 मार्च (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ईद-उल-फितर और नवरोज के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दी और सुख-शांति, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश में पीएम ने आशा व्यक्त की कि यह त्योहार सभी के बीच भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा देगा. उन्होंने सभी की खुशी और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की और संदेश का समापन 'ईद मुबारक' के साथ किया. पारसी समुदाय द्वारा नव वर्ष के रूप में मनाए जाने वाले नवरोज के अवसर पर एक अलग संदेश में पीएम मोदी ने इसे एक 'विशेष अवसर' बताया और 'समृद्धि और आनंद से भरे वर्ष' की कामना की.

### पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की चर्चा ईद की दी शुभकामनाएं

पश्चिम एशिया में निरंतर गहराते संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेज़ेश्कियन से बातचीत की और उन्हें ईद तथा नवरोज की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ क्षेत्र की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की. बातचीत के बाद पीएम मोदी ने प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की.

# महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, 21 मार्च.** दुष्कर्म के आरोपी बाबा अशोक खरात से संबंधों को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहीं महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने इस्तीफा दे दिया. राकांपा की महिला विंग की प्रमुख रूपाली चाकणकर ने उप मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष सुनेत्रा पवार को अपना इस्तीफा सौंपा. सूत्रों के अनुसार, उन्होंने शुक्रवार शाम को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी. फडणवीस को लिखे पत्र में रूपाली चाकणकर ने कहा कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रही हैं. उनकी नियुक्ति 15 अक्टूबर, 2024 को हुई थी. अपने इस्तीफे में लिखा है कि निजी कारणों से वह पद से इस्तीफा दे रही हैं. इसके साथ ही उन्होंने राज्य नेतृत्व और सहकर्मियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया.

# ईरान के यूरेनियम संवर्धन केंद्र पर हमला

**▸ इजरायल-अमेरिका और ईरान जंग का 22वां दिन**

**▸ अंतरराष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा मानकों का उल्लंघन : ईरान**

**तेहरान, 21 मार्च (वार्ता)** इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच 22 दिनों से जंग जारी है. शनिवार को इजरायल-अमेरिका ने ईरान के नतान्ज में यूरेनियम संवर्धन केंद्र पर हमले किए, हालांकि किसी भी रेडियोधर्मी रिसाव की सूचना नहीं मिली है. ईरान के एईओआई ने इस हमले की जानकारी देते हुए बताया, नतान्ज में यूरेनियम संवर्धन केंद्र पर हमला किया गया. एजेंसी ने कहा कि किसी भी रेडियोधर्मी रिसाव का पता नहीं चला है और आसपास की आबादी के लिए कोई खतरा नहीं है. इसने हमले की निंदा करते हुए यह भी कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां अंतरराष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करती हैं.

वहीं अमेरिका ने प्रतिबंधों में अस्थाई ढील देते हुए ईरान को उस कच्चे तेल को बेचने की अनुमति दी है, जो उसने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जमा कर रखा है, लेकिन ईरान के कहा है कि उसके पास अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में 'कोई तेल नहीं' है. तेल बाजार में बढ़ती कीमतों को शांत करने के उद्देश्य से, ट्रम्प प्रशासन ने ईरान को लगभग 140 मिलियन बैरल कच्चा तेल बेचने के लिए अस्थायी छूट दी है.



### पुतिन ने ईरान को सच्चा दोस्त बताया

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के लोगों को नवरोज की बधाई दी. कहा कि मुश्किल समय में रूस, ईरान के साथ खड़ा रहेगा और उसका सच्चा दोस्त है. रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से मिडिल ईस्ट में हालात खराब हो गए हैं और दुनिया में तेल का संकट बढ़ सकता है.

### ईरान ने 4,000 किलोमीटर दूर डिएगो गार्सिया पर किया हमला

ईरान ने हिंद महासागर के मध्य में स्थित एक संयुक्त अमेरिकी-ब्रिटिश सैन्य अड्डे 'डिएगो गार्सिया' पर दो आईआरबीएम मिसाइलें दागीं. डिएगो गार्सिया पर यह हमला पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध में एक बड़े तनाव का प्रतीक है तथा इस बात का संकेत है कि अब युद्ध पश्चिमी एशिया से निकलकर हिंद महासागर तक पहुंच गया है. ईरान से लगभग 4,000 किलोमीटर दूर डिएगो गार्सिया पर हमले का तात्पर्य है कि ईरान की मिसाइलों की मारक क्षमता पहले के अनुमान से कहीं अधिक है. एमएनए ने कहा कि ईरान द्वारा अमेरिका के सुदूर सैन्य अड्डे को निशाना बनाना लंबी दूरी के ठिकानों को भेदने की उसकी मिसाइल क्षमता को प्रदर्शित करता है.


